एसोशिएटड सीमेंट कारपोरेशन को उत्पादन लागत/लाभ

450. **श्री राघवजी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989–90, 1990–91 और 1991–92 के दौरान एसोशिएटेड सीमेंट कारपोरेशन के प्रति टन विक्रय मूल्य, उत्पादन लागत और अर्जित किए गए सकल लाभ का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि उपर्युक्त कम्पनी ने भारी मनाफाखोरी की है ; और

(ग) यदि हां, तो उस पर अंकुश लगाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है और यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो उसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) वर्ष 1989–90 तथा 1990–91 हेतु लागत लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार के सीमेंट के लिए मै० एसोसियेटेड सीमेंट कपनी लि. द्वारा उत्पादन की लागत/बिक्री एवं किया गया लाभ दर्शाने वाला एक विवरण दिया गया है । [**नीचे देखिए**] क्योंकि लागत लेखा-परीक्षा रिपोर्ट प्रत्येक वैकल्पिक वर्ष में प्राप्त होती हैं और अगली लेखा-परीक्षा रिपोर्ट 1993 में उपलब्ध होगी इसलिए वर्ष 1991–92 हेतु सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ख) और (ग) कंपनी अधिनियम-1956 की धारा 233–ख के अन्तर्गत 31 मार्च, 1991 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए मै. एसोसियेटेड सीमेंट कंपनीज लि. के वार्षिक खातों से संकलित कुछ वित्तीय आंकड़ों के आधार पर 1 अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1991 की अवधि के लिए लागत लेखा-परीक्षा तथा वर्ष 1990–91 के दौरान बाजार में कंपनी द्वारा विनिर्मित सीमेंट के बैगों की मूल्य प्रवृत्ति की जांच करने के बाद, महानिदेशक [आई० एण्ड आर०] ने माननीय एम० आर० टी० पी० आयोग के समक्ष एम० आर० टी० पी० अधिनियम, 1969 की धारा 10(ख) के अधीन एक आवेदन दर्ज किया है। यह मामला एम० आर० टी० पी० आयोग के विचाराधीन है।

विवरण

लागत लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 1989–90 और 1990–91 के लिए विभिन्न प्रकार के सीमेंट के लिए मैसर्स एसोसिएडिट सीमेंट कंपनी द्वारा अर्जित उत्पादन/बिक्री तथा लाभ की लागत

	ओ.पी.सी.		पी.पी.सी.		पी.एस.सी.	
	1990–91	1989–90	1990–91	1989–90	1990–91	1989–90
कारखाना लागत .	674.08	625.03	664.70	613.60	676.99	606.23
पैकिंग लागत .	107.94	95.89	120.77	108.55	108.21	100.72
बिक्री तथा वितरण की लागत .	14.24	6.89	14.21	6.90	14.18	7.44
विक्रय लागत .	796.26	727.81	799.68	729.05	799.38	714.39
औसत बिक्री प्राप्ति	948.66	742.68	1129.28	924.33	1023.96	806.93
प्रोफिट मार्जिन .	152.40	14.87	329.60	195.28	224.58	92.54